लोनावला में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन

चिल्ड्रेन फिल्म सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मुकेश खन्ना के हाथों हुआ उद्‌घाटन

लोनावला, 3 सितंबर (आ.प्र.)

लोनावला के ट्रायोज मॉल में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई. 1 से 3 सितंबर चले फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन चिल्ड्रन फिल्म सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मुकेश खन्ना ने किया. इस अवसर पर अल्ट्रा मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट के सीईओ सुशील कुमार अग्रवाल, अभिनेता राजेश पेडणेकर, निर्माता, जीतेंद्र मिश्रा अभिनेता कंवलजीत सिंह, अभिनेता लेखक तथा निर्माता विवेक वासवानी, आयोजक माधव तोडी आदि उपस्थित थे.

संवाद तथा संपर्क सामाजिक संस्था के विशेष बच्चों ने उपस्थित मेहमानों का स्वागत किया. कार्यक्रम के बाद बच्चों ने विभिन्न फिल्मों का आनंद लिया.

इस तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल में मराठी, हिंदी तथा अंग्रेजी की नई, पुरानी बाल तथा अन्य राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय फिल्में मुफ्त में दिखाई गईं. आयोजक माधव तोडी ने बताया कि 7 सितंबर तक विद्यार्थियों को फिल्में दिखाई जाएंगी.

फिल्म फेस्टिवल में हम साथ-साथ हैं, हम आपके हैं कौन, आई एम कलाम, अंदाज अपना अपना, जलपरी, द डेजर्ट मरमैड स्वर्ग, छोटा सिपाही, रसेल मैडनेस मंकी अप दगोल, माय लकी एलीफेंट सहित मराठी हिंदी व अंग्रेजी की 32 फिल्में दिखाई जा रही हैं.

फिल्म फेस्टिवल के दौरान फिल्म का आनंद लेते हुए बच्चे.